झारखंड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा, 2016 (विज्ञापन संख्या–23/2016) से संबंधित आवश्यक सूचना

दिनांक 23.09.2017 को समाचार पत्रों मे प्रकाशित संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–23/2016) हेतु चयनित अभ्यर्थियों द्वारा प्रारंभिक परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन में आरक्षण, विकलांगता, खेलकूद, भूतपूर्व सैनिक एवं झारखण्ड सरकार के सरकारी सेवक के रूप में अधिकतम उम्र सीमा में छूट के लाभ हेतु किए गए दावे के समर्थन में वांछित अभिलेख आयोग के वेबसाईट पर अपलोड एवं हार्ड कॉपी जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 06.11.2017 तक निर्धारित थी। कतिपय तकनीकी त्रुटियों के कारण आयोग का वेबसाईट दिनांक–30.10.2017 से दिनांक–06.11.2017 तक बाधित था।

उक्त के आलोक में संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–23/2016) हेतु वांछित अभिलेख आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर अपलोड एवं स्वअभिप्रमाणित हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में जमा करने की तिथि को दिनांक **30.11.2017** तक विस्तारित किया जाता है। विस्तारित अंतिम तिथि के पश्चात् कोई प्रमाणपत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

2. मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु दिनांक–23.09.2017 को प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति की कंडिका–3 के अन्य शर्त्तें व प्रावधान यथावत रहेंगे।
3. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची